aglasem.com

FOR UP CLASS 10 PREPARATION

UP Board Class 10th Model Paper 2027 Hindi

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 10	2027	Sample Paper	Hindi

मॉडल प्रश्न पत्र
सत्र 2026–27
कक्षा–10
विषय–हिन्दी

समय–3 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक–70**

निर्देश–

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

(ii) प्रश्नपत्र दो भाग खण्ड (अ) तथा खण्ड (ब) में विभाजित है।

(iii)) प्रश्नपत्र के खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिसमें सही विकल्प का चयन करके O.M.R शीट पर नीले अथवा काले बाल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला करें।

(iv) खण्ड(अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए (01) अंक निर्धारित है।

(v) ओ0एम0आर0 शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेजर (Eraser) एवं व्हाइटनर (Whitener) आदि का प्रयोग न करें ।

(vi) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिये गये हैं।

वस्तुनिष्ठ प्रश्न– **खण्ड 'अ'**

प्रश्न–1 'तार सप्तक' प्रकाशित हुआ– 01

(A) सन् 1943 ई0 (B) सन् 1951 ई0
(C) सन् 1959 ई0 (D) सन् 1979 ई0

प्रश्न–2 जयशंकर प्रसाद की रचना है– 01

(A) उर्वशी (B) पल्लव
(C) साकेत (D) कामायनी

प्रश्न–3 'वीरगाथा काल' की मुख्य विशेषता है– 01

(A)प्रकृति का मानवीकरण (B) युद्धों का वर्णन
(C) यथार्थ चित्रण (D) भक्ति की प्रधानता

प्रश्न–4 सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' किस युग से सम्बन्धित हैं– 01

(A)द्विवेदी युग (B)शुक्ल युग
(C)छायावादी युग (D)भारतेन्दु युग

प्रश्न–5 केशव को 'कठिन काव्य का प्रेत' किसने कहा– 01

(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) ग्रियर्सन
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी (D) मिश्रबंधु

प्रश्न–6 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के नाटककार हैं– 01

(A) जयशंकर प्रसाद (B) महादेवी वर्मा

(C) रामकुमार वर्मा (D) सुमित्रानन्दन पंत

प्रश्न–7 जैनेन्द्र की कहानियों का विषय है– 01

(A) सामाजिक (B) मनोवैज्ञानिक

(C) ऐतिहासिक (D) राजनैतिक

प्रश्न–8 सन् 1918 से 1936 ई0 तक का समय है– 01

(A) प्रेमचन्द्र युग (B) शुक्ल युग

(C) प्रसाद युग (D)उपर्युक्त सभी

प्रश्न–9 मिलान कीजिए– 01

(i) मैला ऑचल (क) प्रेमचन्द्र

(ii) चित्रलेखा (ख) फणीश्वर नाथ 'रेणु'

(iii) उसने कहा था (ग) भगवती चरण वर्मा

(iv) कफन (घ) चन्द्र धर शर्मा गुलेरी

	(i)	(ii)	(iii)	(iv)
(A)	ख	ग	घ	क
(B)	ख	क	ग	घ
(C)	क	ख	ग	घ
(D)	ग	घ	क	ख

प्रश्न–10 निम्नलिखित में से उपन्यास है– 01

(i) निर्मला

(ii) विराटा की पद्मिनी

(iii) इन्द्रजाल

(iv) चित्रलेखा

(A) केवल (i) (B) (i) (ii) (iii)

(C) (i) (ii) (iv) (D) उपर्युक्त सभी

प्रश्न–11 'श्रृंगार रस' का स्थायी भाव है– 01

(A) रति (B) ह्रास

(C) शोक (D) निर्वेद

प्रश्न–12 सोहत ओढ़े पीत पट श्याम सलोने गात।
मनो नीलमणि शैल पर आतप पर्‌यो प्रभातं।।
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सा अलंकार है– 01

(A) उपमा अंलकार (B) उत्प्रेक्षा अंलकार

(C) रूपक अंलकार (D) श्लेष अंलकार

प्रश्न–13 यह एक अर्द्ध सममात्रिक छंद है, इसमें चार चरण होते हैं, प्रत्येक चरण में 13–11 के विराम से 24 मात्राएँ होती हैं। किस छंद का लक्षण है– 01

(A) सोरठा (B) रोला

(C) चौपाई (D) दोहा

प्रश्न–14 'आकर्षण' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग किया गया है– 01

(A) प्र (B) आ

(C) निर् (D) पर्

प्रश्न–15 'राजकुमार में कौन सा समास है– 01

(A) कर्मधारय (B) द्विगु

(C) तत्पुरूष (D) द्वन्द्व

प्रश्न–16 रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं– 01

(A) दो (B) तीन

(C) छः (D) आठ

प्रश्न–17 अश्रु का तदभव रूप है– 01

(A) रोना (B) आँख

(C) अंशु (D) आँसू

प्रश्न–18 'भाववाच्य' में प्रधानता होती है– 01

(A) 'कर्ता' की प्रधानता (B) 'भाव' की प्रधानता

(C)'कर्म' की प्रधानता (D) इनमें से कोई नही।

प्रश्न–19 'ताभ्यः' शब्द में वचन और विभक्ति है– 01

(A) षष्ठी विभक्ति एकवचन (B)सप्तमी विभक्ति द्विवचन

(C) षष्ठी विभक्ति बहुवचन (D)चतुर्थी विभक्ति बहुवचन

प्रश्न–20 निम्नलिखित शब्दों में व्यक्तिवाचक संज्ञा है– 01

(A) मोहन (B) बचपन

(C) कोई (D) उपर्युक्त सभी

वर्णनात्मक प्रश्न खण्ड 'ब'

प्रश्न–1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित तीन प्रश्नों का उत्तर दीजिए: 3X2=6

विश्वासपात्र मित्र से बड़ी भारी रक्षा रहती है। जिसे ऐसा मित्र मिल जाये, उसे समझना चाहिए कि खजाना मिल गया। विश्वासपात्र मित्र जीवन की एक औषधि है। हमें अपने मित्रों से यह आशा रखनी चाहिए कि वे उत्तम संकल्पों में हमें दृढ़ करेंगे, दोषों और त्रुटियों स हमे बचायेंगे। हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पुष्ट करेंगे, जब हम कुमार्ग पर पैर रखेंगे, तब वे हमें सचेत करेंगे, जब हम हतोत्साहित होंगे, तब वे हमें उत्साहित करेंगे।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ii) विश्वासपात्र को जीवन की औषधि क्यों कहा जाता है?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए?

अथवा

''इस पतनोन्मुख प्राचीन सामंत–वंश का अंत समीप है, बेटी! किसी भी दिन शेरशाह रोहिताश्व पर अधिकार कर सकता है। उस दिन मंत्रित्व न रहेगा, तब के लिए बेटी।'' ''हे भगवान्! तब के लिए! विपद के लिए! इतना आयोजन! परमपिता की इच्छा के विरूद्ध इतना साहस! पिताजी, क्या भीख न मिलेगी? क्या कोई हिंदू भू–पृष्ठ पर न बचा रह जायगा, जो ब्राह्मण को दो मुट्ठी अन्न दे सके? यह असंभव है। फेर दीजिये पिताजी, मैं काँप रही हूँ– इसकी चमक आँखों को अंधा बना रही है।''

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए?

(ii) ममता ने अपने पिता से क्या कहा?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए?

प्रश्न 2 निम्नालिखित पद्यांश पर आधारित तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 3X2=6

सच्चा प्रेम वही है जिसकी
तृप्ति आत्म–बलि पर हो निर्भर।
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है,
करो प्रेम पर प्राण निछावर।।
देश–प्रेम वह पुण्य–क्षेत्र है,
अमल असीम त्याग से विलसित।
आत्मा के विकास से जिसमें,
मनुष्यता होती है विकसित।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए?

(iii) मनुष्यता किससे विकसित होती है।

अथवा

गोरज बिराजै भाल लहलही बनमाल
आगे गैयाँ पाछें ग्वाल गावै मृदु तानि री।
तैसी धुनि बाँसुरी की मधुर मधुर जैसी,
बंक चितवनि मंद–मंद मुसकानि री।
कदम बिटप के निकट तटिनी के तट
अटा चढ़ि चाहि पीत पट फहरानि री।
रस बरसावै तन–तपनि बुझावै नैन
प्राननि रिझावै वह आवै रसखानि री।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का संदर्भ लिखिए?

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए?

(iii) 'गोरज' के बीच कृष्ण के सुंदर रूप का सजीव चित्रण कवि ने किस प्रकार से किया है?

प्रश्न–3 दिए गये संस्कृत गद्यांश मे से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 2+3=5

इयं नगरी विविधधर्माणां संगमस्थली। महात्मा बुद्धः तीर्थंकरः पार्श्वनाथः, शंकराचार्यः, कबीरः, गोस्वामी तुलसीदासः अन्ये च बहवः महात्मानः अत्रागत्य स्वीयान् विचारान् प्रसारयन। न केवलं दर्शने साहित्ये धर्मे अपितु कलाक्षेत्रेऽपि इयं नगरी विविधानां कलानां शिल्पानांच कृते लोके विश्रुता। अत्रव्याः कौशेयशाटिकाः देशे देशे सर्वत्र स्पृहान्ते।

अथवा

भारतीय संस्कृतिः तु सर्वेषां मतावलम्बिनां संगमस्थली। काले काले विविधाः विचाराः भारतीय–संस्कृतौ समाहिताः। एषा संस्कृतिः सामासिकी संस्कृतिः यस्याः विकासे विविधानां जातीनां सम्प्रदायानां विश्वासानांच योगदानं दृश्यते। अतएव अस्मांक भारतीयानाम् एका संस्कृतिः एका च राष्ट्रीयता। सर्वेऽपि वयं एकस्याः संस्कृतेः समुपासकाः, एकस्य राष्ट्रस्य च राष्ट्रियाः। यथा भ्रातरः परस्परं मिलित्वा सहयोगेन सौहार्देन च परिवारस्य उन्नतिं कुर्वन्ति तथैव अस्माभिः अपि सहयोगेन सौहार्देन च राष्ट्रस्य उन्नतिः कर्तव्या।

प्रश्न–4 दिये गये संस्कृत पद्यांश में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए: 2+3=5

माता गुरूतरा भूमेः खात् पितोच्चतरस्तथा।
मनः शीघ्रतरं वातात् चिन्ता बहुतरी तृणात्।।

अथवा

अपदो दूरगामी च साक्षरो न च पण्डितः।
अमुखः स्फुटवक्ता च यो जानाति स पण्डितः।।

प्रश्न–5 अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए: **(शब्द सीमा अधिकतम–80 शब्द)** 3X1=3

क (i) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के आधार पर गॉधी जी का चरित्र चित्रण कीजिए?

अथवा

(ii) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग का कथानक अपने शब्दों में लिखिए?

ख–(i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए?

अथवा

(ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर जवाहर लाल नेहरू का चरित्र चित्रण कीजिए?

ग–(i) 'मेवाड़–मुकुट' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग 'लक्ष्मी' का सारांश लिखिए?

अथवा

(ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर 'दौलत' का चरित्र चित्रण कीजिए?

घ–(i) 'अग्रपूजा ' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए?

अथवा

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर 'युधिष्ठिर' का चरित्रांकन कीजिए?

ङ–(i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर 'नायक' का चरित्र चित्रण कीजिए?

अथवा

(ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का कथानक लिखिए?

च–(i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के 'संकल्प' सर्ग का सारांश लिखिए?

अथवा

(ii) 'मातृभूमि के लिए खण्डकाव्य के आधार पर 'चन्द्रशेखर आजाद' का चरित्र चित्रण कीजिए?

छ– (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर द्यूत सभा में 'द्रौपदी' सर्ग का सारांश लिखिए?

अथवा

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर 'श्रीकृष्ण' का चरित्र–चित्रण कीजिए?

ज– (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर 'कैकेयी' का चरित्र चित्रण कीजिए?

अथवा

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के 'आगमन सर्ग' की कथावस्तु लिखिए?

झ– (i) तुमुल खण्डकाव्य के आधार पर 'लक्ष्मण' का चरित्र चित्रण कीजिए?

अथवा

(ii) 'तुमुल ' खण्डकाव्य के राम मिलन और सौमित्र का उपचार सर्ग की कथा संक्षेप में लिखिए?

प्रश्न–6 (क) दिये गए लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए: **(शब्द सीमा अधिकतम–80 शब्द)** 3+2=5

(i) डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद

(ii) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(iii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(ख) दिये गये कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी एक प्रमुख रचना का उल्लेख कीजिए: **(शब्द सीमा अधिकतम–80 शब्द)** 3+2=5

(i) तुलसीदास

(ii) सूरदास

(iii) मैथिलीशरण गुप्त

प्रश्न–7 अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो? 02

प्रश्न–8 निम्नलिखित में से किन्ही दों प्रश्नों का उत्तर संस्कृत में दीजिए: 1+1=2

(i) भारतीय संस्कृत मूल किम् अस्ति?

(ii) का संस्कृतिः सदा गतिशीला वर्तते?

(iii) पुरूराजः केन सह युद्धम् अकरोत?

(iv) चन्द्रशेखरः कः आसीत्?

प्रश्न–9 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए:

(शब्द सीमा अधिकतम–200 शब्द) 1+6=7

(i) पर्यावरण संरक्षण

(ii) आतंकवाद

(iii) नारी सशक्तिकरण

(iv) जनसंख्या : लाभ या हानि।

प्रश्न–10 विद्यालय के वार्षिकोत्सव के अवसर पर पुरस्कार–प्राप्ति की प्रसन्नता का वर्णन करते हुए अपनी माता जी को एक पत्र लिखिए। 1+3=4

अथवा

अपनी गली/मोहल्ले की नालियों की समुचित सफाई के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।